आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 113 | उज्जैन, रविवार 16 मार्च 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव मूँदी में माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा में हुए सम्मलित

## अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी ने आयोजित की है तृतीय चरण की यात्रा



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खंडवा ज़िले के मूँदी में अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी की तृतीय चरण माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा में सम्मलित हुए। उन्होंने यात्रा में शामिल होकर दादा गुरूजी से नर्मदा संरक्षण पर चर्चा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मूंदी में मांधाता विधायक श्री नारायण पटेल के निवास पर अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी के ठहरने के लिए बनाई गई कुटिया का फीता काटकर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा से लौटते समय स्थानीय रेस्टोरेंट में रूककर चाय भी पी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मूंदी आगमन पर आमजन ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, पशु पालन एवं डेयरी राज्यमंत्री श्री लखन पटेल, सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, मांधाता विधायक श्री नारायण पटेल,खंडवा विधायक श्री कंचन तनवे, पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे, खंडवा महापौर श्रीमती अमृता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी वानखेड़े, संभागायुक्त इंदौर श्री दीपक सिंह,आईजी श्री अनुराग,डीआईजी श्री सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज राय सहित विभिन्न जन-प्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद थे।

# जो पाकिस्तान गए वो कायर, हम भागेंगे नहीं..., होली पर मस्जिदों को ढकने पर भड़के ओवैसी



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने होली के दौरान मुस्लिमों को घर में रहने की हिदायत देने पर आपत्ति जाहिर की है। ओवैसी ने कहा कि हम कायर नहीं हैं। हम भागेंगे नहीं।

ओवैसी की प्रतिक्रिया उन बयानों के विरोध में थी, जिसमें कहा गया था कि अगर मुस्लिम नहीं चाहते कि होली के दौरान उन्हें कोई रंग लगाए, तो उन्हें घर के अंदर ही रहना चाहिए। बता दें कि उत्तर प्रदेश के संभल में सर्किल ऑफिसर अनुज चौधरी ने 6 मार्च को सुझाव दिया था कि जो लोग रंगों से असहज हैं, उन्हें घर के अंदर रहना चाहिए।

सीएम योगी पर भी बोला हमला- सीओ अनुज चौधरी के बयान का यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी समर्थन किया था। ओवैसी ने कहा, कुछ लोग कहते हैं कि आपको नमाज़ नहीं पढ़नी चाहिए और घर के अंदर ही रहना चाहिए। उनका कहना है कि जैसे हमने अपनी मस्जिदों को ढक रखा है, वैसे ही हमें खुद को भी ढकना चाहिए, नहीं तो घर के अंदर ही रहना चाहिए।

ओवैसी ने कहा, जो लोग पाकिस्तान चले गए, वे कायर थे। हम भागेंगे नहीं, हम कायर नहीं हैं।

# अब सरकारी टेंडर्स में मुस्लिम ठेकेदारों को मिलेगा चार फीसद आरक्षण, सिद्दरमैया मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी




नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने निविदाओं में मुस्लिम ठेकेदारों को 4 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (केटीपीपी) अधिनियम में संशोधन करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने ये जानकारी दी है।

और किस विधेयक के मिली मंजूरी- मंत्रिमंडल ने कर्नाटक ग्राम स्वराज और पंचायत राज (संशोधन) विधेयक को भी मंजूरी दे दी है। इस विधेयक में करीब 90 लाख ग्रामीण संपत्तियों को शामिल किए जाने की उम्मीद है, जिनके पास खाता नहीं है।

सूत्रों के अनुसार, मंत्रिमंडल ने हेब्बल में कृषि विभाग की 4.24 एकड़ जमीन को दो साल के लिए किराया-मुक्त आधार पर अंतर्राष्ट्रीय फूल नीलामी बैंगलोर (आईएफएबी) के लिए देने के प्रस्ताव पर चर्चा की।

मंत्रिमंडल ने किन बातों पर की चर्चा- जनवरी में आग की घटना के बाद बैंगलोर बायोइनोवेशन सेंटर में उपकरणों के पुनर्निर्माण और प्रतिस्थापन के लिए 96.77 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता को मंजूरी देने पर भी चर्चा हुई।

# केरल में कॉलेज हॉस्टल से 2 किलो गांजा बरामद, पुलिस ने 5 लोगों को पकड़ा; होली पर था ये प्लान



नई दिल्ली (एजेंसी)। कलामसेरी स्थित सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज के बॉयज हॉस्टल में छापेमारी के बाद 2 किलो गांजा जब्त करने के मामले में केरल पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले ही तीन छात्रों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी आशिक और शारिल संस्थान के पूर्व छात्र हैं और उन पर हॉस्टल में प्रतिबंधित पदार्थ की आपूर्ति करने का शक है। पुलिस ने कहा कि मामले में पहले गिरफ्तार किए गए छात्रों के बयान के आधार पर दोनों को गिरफ्तार किया गया है।

अब तक 5 लोगों की गिरफ्तारी- मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। थ्रिक्कारा के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) पी वी बेबी ने कहा कि दोनों व्यक्तियों ने जब्त किए गए गांजे के बारे में थोड़ी जानकारी दी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि पुलिस साक्ष्य जुटाने के बाद ही इसकी पुष्टि करेगी।

एसीपी ने कहा, इस समय अधिक जानकारी का खुलासा नहीं किया जा सकता, क्योंकि मामले में छात्र शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गिरफ्तार किए गए लोगों ने पहले भी मांग के आधार पर ड्रग्स की सप्लाई की। हालांकि इतनी बड़ी मात्रा में गांजा पहली बार हॉस्टल में लाया गया।

बिक्री और निजी इस्तेमाल के लिए था गांजा- पुलिस में मामले में अभी और कुछ गिरफ्तारियां होने के संकेत दिए हैं। बता दें कि गुरुवार को पुलिस ने हॉस्टल में छापा मारकर तीन छात्रों को गिरफ्तार किया था।

# असम और मिजोरम के तीन दिनों के दौरे पर पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अमस और मिजोरम के अपने तीन दिवसीय दौरे के लिए शुक्रवार को जोरहाट पहुंचे। जोरहाट हवाई अड्डे पर अमस के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ अमित शाह का जोरदार स्वागत किया।

क्या है अमित शाह का प्लान- असम के सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, हम माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का असम की पवित्र भूमि पर जोरहाट हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। जोरहाट पहुंचने के बाद गृह मंत्री गोलाघाट जिले के निकटवर्ती कस्बे डेरगांव के लिए रवाना हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि, शनिवार को अमित शाह पुलिस अकादमी का उद्घाटन करेंगे, जिसका पहला चरण 167.4 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हो चुका है। पुलिस अकादमी के दूसरे चरण जिसकी लागत 425.48 करोड़ है, उसकी आधारशिला भी अमित शाह द्वारा रखी जाएगी। इसके बाद गृह मंत्री मिजोरम के लिए रवाना हो जाएंगे।

मिजोरम में किन-किन कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा- मिजोरम में अमित शाह असम राइफल्स के प्रतिष्ठानों को आइजोल से राज्य की राजधानी से लगभग 15 किलोमीटर दूर जोखावसांग में स्थानांतरित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। अधिकारियों ने बताया कि अमित शाह शनिवार शाम गुवाहाटी लौट जाएंगे और कोइनाधोरा क्षेत्र में राज्य अतिथि गृह में रात्रि विश्राम करेंगे।

# भूलक्ष्मी मंदिर के अकाउटेंट पर तेजाब से हमला; पहले पूछी प्रसाद की कीमत, फिर कर दिया अटैक




नई दिल्ली (एजेंसी)। सैदाबाद पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत आने वाले भूलक्ष्मी मंदिर में शुक्रवार शाम को एक चौंकाने वाली घटना घटी, जब एक अज्ञात व्यक्ति ने मंदिर के अकाउंटेंट पर केमिकल से हमला कर दिया। इस हमले में अकाउंटेंट नरसिंग राव को मामूली चोटें आईं।

पुलिस के अनुसार, ÷कल एक अज्ञात व्यक्ति भूलक्ष्मी मंदिर आया और मंदिर के अकाउंटेंट नरसिंग राव से अन्ना प्रसाद की कीमत के बारे में बातचीत करने लगा।

# देश की जीडीपी में शहरों की हिस्सेदारी का होगा आकलन, सरकार ने अंतर-मंत्रालयी समिति का किया गठन




नई दिल्ली (एजेंसी)। शहर विकास के इंजन कहे जाते हैं, लेकिन वे किस तरह के इंजन हैं, विकास में उनका क्या योगदान है और इस योगदान के पैमाने क्या हैं। यह जानने के लिए केंद्र सरकार ने एक अंतर मंत्रालयी समिति का गठन किया है।

अपनी तरह की इस पहली कोशिश के तहत यह समिति शहरी क्षेत्र की नए सिरे से परिभाषा तय करने के साथ ही सिटी इकोनॉमिक प्रोडक्ट यानी जीडीपी में किसी शहर के योगदान को तय करने के तौर-तरीके बताएगी।दैनिक जागरण को मिली जानकारी के अनुसार, नीति आयोग के सदस्य अरविंद वीरमानी को इसका अध्यक्ष बनाया गया है और इसमें जबलपुर, सूरत, पुणे, मुजफ्फरपुर के नगर आयुक्त भी सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं।

एक साल में समिति देगी रिपोर्ट- 26 सदस्यीय यह समिति एक वर्ष में अपनी रिपोर्ट देगी। समिति में आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार, नीति आयोग के संयुक्त सचिव स्तर तक के प्रतिनिधि, वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के सलाहकार, राजस्व विभाग के प्रतिनिधि, श्रम और रोजगार मंत्रालय के संयुक्त सचिव, आरबीआइ के कार्यकारी निदेशक के साथ ही महाराष्ट्र, राजस्थान, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, त्रिपुरा और बिहार के आर्थिक और सांख्यिकी विभाग के निदेशकों को भी शामिल किया गया है।

समिति के गठन संबंधी आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि वीरमानी की अध्यक्षता वाला समूह भारतीय परिप्रेक्ष्य में सिटी इकोनमिक प्रोडक्ट की परिभाषा तय करेगा। इसी क्रम में आर्थिक क्षेत्रों की पहचान की परिभाषा भी की जाएगी, जिसमें शहरी इलाके और नगरीय-ग्रामीण संधि क्षेत्र भी शामिल हैं।आर्थिक क्षेत्रों को फिर से परिभाषित करने का अपना महत्व है, क्योंकि इससे यह समझने में आसानी होगी कि शहर के किसी हिस्से में आर्थिक संभावनाएं क्या हैं।

समिति इकोनॉमिक प्रोडक्ट का करेगी आकलन- उदाहरण के लिए एफएआर यानी फ्लोर एरिया रेशियो का सही और अधिकतम इस्तेमाल हो रहा है या नहीं। इस निर्धारण से एफएआर को लेकर नीति बदल सकती है। इससे आर्थिक संसाधन बढ़ने के साथ ही लोगों को आवास के लिए अधिक अवसर उपलब्ध हो सकते हैं।

# महिलाओं पर एआई और ड्रोन से नजर रख रहा ईरान, हर जगह हिजाब पहनना अनिवार्य



नई दिल्ली (एजेंसी)। पूरी दुनिया में एआई और टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल नागरिकों की मुश्किलों को खत्म करने के लिए किया जाता है, लेकिन ईरान इस मामले में बेहद अलग है। यहां टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हिजाब कानून को सख्ती से लागू करने के लिए किया जा रहा है।

यूनाइटेड नेशंस की रिपोर्ट में इस संबंध में चौंकाने वाले खुलासे किए गए हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि ईरान ड्रोन और फेसियल रिकॉग्निशन जैसे एडवांस सर्विलांस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर महिलाओं को हिजाब पहनने के लिए मजबूर करने को कर रहा है।

मोबाइल एप से रखी जा रही नजर

यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने अपने हिजाब कानून का सख्ती से पालन करवाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। ड्रेस कोड का पालन न करने वाली महिलाओं को ट्रैक करने और दंडित करने के लिए डिजिटल टूल्स का सहारा लिया जा रहा है।

इसके लिए नाजर मोबाइल एप्लिकेशन का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो पुलिस और नागरिकों दोनों को हिजाब कानूनों का उल्लंघन करने वाली महिलाओं की रिपोर्ट करता है। इस एप की मदद से व्हीकल का लाइसेंस प्लेट नंबर, लोकेशन और उल्लंघन का समय अधिकारियों तक पहुंच जाता है।

ड्रोन भी किए जा रहे तैनात- एप की मदद से एक ऑनलाइन सिस्टम में व्हीकल को फ्लैग कर दिया जाता है। इसके बाद गाड़ी के मालिक को एक टैक्स्ट भेजा जाता है, जिसमें बार-बार उल्लंघन पर वाहन को जब्त करने की बात लिखी रहती है।

सितंबर 2024 में कानून का दायरा बढ़ाकर एंबुलेंस, टैक्सी और पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सफर कर रही महिलाओं को भी शामिल किया गया। ऐप के अलावा, ईरानी सरकार ने हिजाब नियमों की निगरानी के लिए तेहरान और दक्षिणी क्षेत्रों में हवाई ड्रोन तैनात करना शुरू कर दिया है।

महिलाओं को मौत की सजा का प्रविधान- हिजाब कानून ईरान के सुरक्षा बलों को नियमों को लागू करने के लिए विस्तारित अधिकार भी प्रदान करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के इस्लामी दंड संहिता के अनुच्छेद 286 के तहत, आरोप में महिलाओं को मौत की सजा भी मिल सकती है।

2022 में नैतिकता पुलिस की हिरासत में 22 वर्षीय महसा अमिनी की मौत के बाद प्रदर्शन शुरू हो गए। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि आगामी कार्रवाई में सैकड़ों लोग मारे गए।

# मैं नहीं चाहता था कि पीएम मोदी ये सब देखें, ट्रंप ने बताया क्यों बदलवाया था रास्ता

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाशिंगटन शहर की सफाई का आदेश दिया है। इस मसले पर टिप्पणी करते हुए शुक्रवार को डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस में ट्रंप ने कहा कि वह नहीं चाहते हैं कि पीएम मोदी फेडरल बिल्डिंग के पास टेंट और भित्ति चित्र देखें।

ट्रंप ने कहा कि मैंने कहा था कि स्टेट डिपार्टमेंट के ठीक सामने बहुत सारे टेंट हैं। उन्हें हटाना होगा। मेयर ने उन्हें तुरंत हटा दिया और अब तक सब ठीक है। हम ऐसी राजधानी चाहते हैं, जिसके बारे में पूरी दुनिया में चर्चा हो सके।

डीसी के मेयर की तारीफ की- ट्रंप ने कहा, हम अपने शहर की सफाई कर रहे हैं। हम इस



महान राजधानी की सफाई कर रहे हैं। हम अब अपराध नहीं होने देंगे, ना ही अपराध के लिए खड़े नहीं होंगे। हम भित्तिचित्रों को हटाने जा रहे हैं। हम पहले से ही टेंट हटा रहे हैं। हम प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

उन्होंने वाशिंगटन डीसी के मेयर की भी तारीफ की। ट्रंप ने कहा कि अब तक वाशिंगटन डीसी के मेयर म्यूरियल बोसर राजधानी की सफाई का अच्छा काम कर रहे हैं। हम शहर के लिए ऐसा करने जा रहे हैं। हम एक अपराध-मुक्त राजधानी बनाने जा रहे हैं। जब लोग यहाँ आएंगे, तो उन्हें लूटा नहीं जाएगा, गोली नहीं मारी जाएगी या बलात्कार नहीं किया जाएगा। पीएम मोदी का किया जिक्र- ट्रंप ने कहा कि जब भारत के प्रधानमंत्री मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति और ये सभी लोग, यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री, वे सभी पिछले डेढ़ हफ्ते में मुझसे मिलने आए थे। जब वे आए, मैंने रूट रन करवाया। मैं नहीं चाहता था कि वे टेंट देखें। ट्रंप ने कहा कि मैं नहीं चाहता था कि वे भित्तिचित्र देखें। मैं नहीं चाहता था कि वे सड़कों पर टूटे हुए अवरोध और गड्ढे देखें। हमने इसे सुंदर बनाया। हमारे पास एक अपराध-मुक्त राजधानी होगी, फिर से, यह पहले से कहीं ज्यादा साफ, बेहतर और सुरक्षित होगी और इसमें हमें ज्यादा समय नहीं लगेगा।

बता दें कि पीएम मोदी ने 13 फरवरी को डोनाल्ड ट्रम्प के साथ द्विपक्षीय बैठक के लिए व्हाइट हाउस का दौरा किया था। व्हाइट हाउस में ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के एक महीने से भी कम समय के भीतर उन्होंने इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, जापानी प्रधान मंत्री शिगेरू इशिबा और जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय की मेजबानी की थी।

## शपथ लेते ही कनाडा के नए प्रधानमंत्री ने ट्रंप को दिखाई आंख, कहा- कभी भूल से भी मत सोचना...




नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडा के नये प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शुक्रवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्नी ने अपने शपथ ग्रहण के बाद देश के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भी कड़ा संदेश दे दिया।

कार्नी ने कहा कि कनाडा कभी भी, किसी भी तरह, आकार या रूप में, संयुक्त राज्य अमेरिका का हिस्सा नहीं बनेगा। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही कनाडा को यूएस में मिलाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने जस्टिन ट्रूडो को कनाडा का गवर्नर तक बता दिया था।

मार्क कार्नी ने अमेरिका की तरफ से मिल रही टैरिफ की धमकियों पर कहा कि टैरिफ का सामना करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने ट्रंप से शासन को कनाडा की जनरेशन के लिए सबसे बड़ा चैलेंज बताया है। कार्नी ने कनाडाई वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ को अनुचित बताया है। हालांकि कार्नी ने उम्मीद जताई है कि उनकी सरकार एक दिन दोनों देशों के हितों को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिका के साथ मिलकर काम कर सकेगी। अधिकारियों ने कहा कि वे आने वाले दिनों में ट्रम्प और कार्नी के बीच बातचीत कराने की योजना बना रहे हैं।

## वसूली कर रहा था... इजरायली सुरक्षा एजेंसी के पूर्व प्रमुख पर गंभीर आरोप; नेतन्याहू ने खुद दर्ज कराई शिकायत



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायल सुरक्षा एजेंसी (आईएसए) के पूर्व प्रमुख नदाव अर्गामन के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। यह जानकारी इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज ने दी है।

नेतन्याहू के वकील ने शुक्रवार को इजरायली पुलिस प्रमुख डेनियल लेवी को लिखे पत्र में दावा किया कि अर्गामन उनसे आपराधिक संगठनों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले तरीकों से÷ जबरन वसूली करने का प्रयास कर रहे हैं। यह दावा अर्गामन द्वारा गुरुवार रात एक टेलीविजन इंटरव्यू के दौरान की गई टिप्पणियों पर आधारित है।

इंटरव्यू में अरगमन ने कहा कि यदि वह इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि प्रधानमंत्री गैरकानूनी तरीके से काम कर रहे हैं, तो वह वह सब कुछ बता देंगे जो वह जानते हैं, हालांकि उन्होंने आईएसए प्रमुख और प्रधानमंत्री के बीच संबंधों के महत्व को बनाए रखने के लिए ये बातें कहने से परहेज किया था।

# 41 देशों पर ट्रैवल बैन लगाने की तैयारी में ट्रंप, लिस्ट में भारत के कई पड़ोसी मुल्क

नई दिल्ली (एजेंसी)। टैरिफ वाले ट्रेड वॉर के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब एक और तैयारी में जुट गए हैं। उनके प्रशासन ने 41 देशों पर ट्रैवल बैन लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसमें पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान समेत सीरिया और अन्य देश शामिल हैं।




न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ने कुल 41 देशों की कुल 3 लिस्ट बनाई है। पहली लिस्ट में 10 देशों को शामिल किया गया है, जिसमें अफगानिस्तान, सीरिया, ईरान, क्यूबा और नॉर्थ कोरिया जैसे देश शामिल हैं। इन देशों के नागरिकों को अमेरिका की यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी। इस सभी पर पूरी तरह से बैन रहेगा।

भारत के पड़ोसी देशों पर भी प्रतिबंध- दूसरे ग्रुप में पूर्वी अफ्रीकी देश इरिट्रिया, हैती, लाओस, म्यांमार और दक्षिणी सुडान का नाम शामिल हैं। इन देश के लोगों पर आंशिक निलंबन लागू रहेगा। जिसका असर टूरिस्ट और स्टूडेंट वीजा के साथ-साथ कुछ अपवादों के साथ अन्य इमीग्रेंट वीजा पर भी पड़ेगा।


तीसरे ग्रुप में अमेरिका ने 26 देशों को शामिल किया है। हालांकि लिस्ट के सभी नामों का खुलासा नहीं हो पाया, लेकिन इसमें पाकिस्तान, भूटान और म्यांमार जैसे देश शामिल हैं। इनके लिए अमेरिकी वीजा जारी करने पर आंशिक रूप से रोक लगाने पर विचार किया जाएगा, यदि वहां की सरकारें 60 दिनों के भीतर कमियों को दूर करने के लिए प्रयास नहीं करती हैं।

पहले कार्यकाल में भी लगाया था बैन- फिलहाल यह लिस्ट फाइनल नहीं है और इसे कुछ देशों के नाम जोड़े या घटाए भी जा सकते हैं।

# सभी 214 बंधक मार डाले, Pakistan Train Hijack करने वाले बलूच विद्रोहियों का दावा; क्या फिर झूठ बोल रही पाक सेना?

नई दिल्ली (एजेंसी)। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, बलूच विद्रोही समूहों द्वारा जाफ़र एक्सप्रेस ट्रेन अपहरण के बाद, पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि आतंकवादियों के साथ-साथ उनके समर्थकों और सहायकों को देश के अंदर और बाहर दोनों जगह चुनौती दी जाएगी।

आतंकियों से कैसे निपटेगा पाक- घटना पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा, आतंकवादियों से वैसा ही निपटा जाएगा जैसा वे चाहते हैं,



क्योंकि जो लोग बसों से निर्दोष लोगों को खींचकर मारते हैं, वे एक ऐसा समूह हैं जो लोगों को जातीयता के आधार पर विभाजित करते हैं, उनका बलूच या इस्लाम से कोई संबंध नहीं है।

उन्होंने कहा, हम उनके साथ वैसा ही व्यवहार करेंगे जैसा वे चाहते हैं। हम उनसे, उनके मददगारों से, उनके समर्थकों से, चाहे वे पाकिस्तान के अंदर हों या पाकिस्तान के बाहर, निपटेंगे।

बलूच विद्रोहियों ने किया बड़ा दावा- इस बीच, बलूच विद्रोहियों ने 214 बंधकों की हत्या करने का दावा किया है और 48 घंटे की अंतिम चेतावनी के बावजूद पाकिस्तान की जिद और बातचीत से बचने को दोषी ठहराया है।

बलूच विद्रोही संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तानी सेना को अंतिम चेतावनी दिए जाने के बावजूद उन्होंने उस पर ध्यान नहीं दिया, जिसके परिणामस्वरूप 214 बंधकों की मौत हो गई।

# रूस-यूक्रेन युद्धविराम पर ट्रंप का यू-टर्न, बोले- वो तो बस तंज था; पुतिन को लेकर किया बड़ा दावा

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को 24 घंटे में खत्म करने के दावे पर अब कन्नी काट ली है। ट्रंप ने कहा है कि वह बस एक व्यंग्य था। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव से पहले उम्मीदवार के तौर पर कई बड़े दावे किए थे।



ट्रंप ने किया था दावा- मई 2023 में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि रूसी और यूक्रेनी मर रहे हैं। मैं उन्हें मरने से बचाना चाहता हूं और मैं यह करूंगा। मैं यह 24 घंटे में करूंगा। कमला हैरिस के साथ बहस के5 दौरान उन्होंने इस दोहराते हुए कहा था कि इस युद्ध को मैं राष्ट्रपति बनने से पहले ही निपटा दूंगा।

जब एक टीवी इंटरव्यू के दौरान डोनाल्ड ट्रंप से पूछा गया कि वह 24 घंटे में समाधान निकालने का दावा करते थे, लेकिन अब उनका प्रशासन 54 दिन बाद भी हल नहीं निकाल पाया है, तो इस पर ट्रंप ने कहा कि जब मैंने ऐसा कहा, तो मैं थोड़ा व्यंग्यात्मक था।

उन्होंने कहा था कि अगर मैं जीतता हूं, तो राष्ट्रपति पद पर निर्वाचित होने के बाद मैं जो करूंगा, वह यह है कि मैं दोनों से बात करूंगा, मैं उन्हें एक साथ लाऊंगा। लेकिन अब इस पर सफाई देते हुए ट्रंप ने कहा, मेरे कहने का मतलब यह था कि मैं इसे सुलझाना चाहता हूं और मुझे लगता है कि मैं सफल हो जाऊंगा।

# बेटा सड़क पर सरपट दौड़ा रहा था SUV, पुलिस ने पिता के खिलाफ दर्ज किया केस



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल के कोझिकोड में एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई तब हुई जब सोशल मीडिया पर उनके नाबालिग बेटे का कार चलाने का वीडियो वायरल हो गया। इस वीडियो में एक 13 साल के लड़के को सड़क पर गाड़ी चलाते हुए देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि यह घटना उत्तर केरल जिले के चेक्कियाड इलाके में उसके घर के पास हुई।

वीडियो अक्टूबर में हुआ था अपलोड- पुलिस के मुताबिक, यह वीडियो पिछले साल अक्टूबर में सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया था, लेकिन हाल ही में यह सामने आया, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। पुलिस अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

आरोपी पिता की पहचान 37 वर्षीय नौशाद के रूप में हुई है। उन पर अपने नाबालिग बेटे को गाड़ी सौंपने का आरोप है, जो कानून के खिलाफ है।

सुभयात्रा पोर्टल से सामने आया मामला- केरल पुलिस के सुभयात्रा पोर्टल के माध्यम से यह मामला सामने आया। यह पोर्टल ट्रैफिक से जुड़ी शिकायतों के लिए बनाया गया है। पुलिस ने नौशाद के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 125 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कृत्य) और मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

पहले भी कर चुके हैं ऐसा कारनामा- पुलिस ने बताया कि नौशाद पहले भी एक कार के ऊपर अपने बेटे को बैठाकर गाड़ी चलाने का वीडियो बना चुके हैं। यह वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। हालांकि, तब मामला दर्ज नहीं किया गया था क्योंकि घटना उनके घर के परिसर में हुई थी और सार्वजनिक सड़क पर नहीं।

## किसानों पर मेहरबान तमिलनाडु सरकार, विदेश भ्रमण पर भेजने की घोषणा



नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु सरकार 29 गैर-कावेरी डेल्टा जिलों में कर, कुरुवई और सोरनवारी मौसम के दौरान धान की खेती और खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के लिए 102 करोड़ रुपये का एक विशेष पैकेज लागू करेगी। राज्य के कृषि मंत्री एम आर के पन्नीरसेलवम ने शनिवार को विधानसभा को सूचित किया।

राज्य में कितनी होती है धान की खेती- पैकेज में किसानों को मशीन से रोपण और गुणवत्ता प्रमाणित बीजों के लिए सब्सिडी शामिल है। उन्होंने कहा कि कुरुवई के दौरान रकबा और खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के लिए डेल्टा जिलों के किसानों को इसी तरह का पैकेज प्रदान किया जाएगा और इस उद्देश्य के लिए 58 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की जाएगी।

बता दें, राज्य में कावेरी डेल्टा जिलों में 18 लाख एकड़ और गैर-डेल्टा जिलों में 34 लाख एकड़ क्षेत्र में धान की खेती की जाती है।

अंतर्राष्ट्रीय भ्रमण पर जाएंगे किसान- विधानसभा में 2025-26 के लिए कृषि बजट पेश करते हुए कई घोषणाएं करते हुए पन्नीरसेल्वम ने कहा कि सरकार किसानों के लिए अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर यात्रा की व्यवस्था करेगी, ताकि उन्हें धान की फसल में उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने में मदद मिल सके।

## हिरासत में मुझे पीटा गया, भूखा भी रखा..., सोना तस्करी मामले में रान्या राव ने DRI पर लगाए गंभीर आरोप



नई दिल्ली (एजेंसी)। अभिनेत्री रान्या राव ने दावा किया है कि उन्हें हिरासत में प्रताड़ित किया गया है और हाई-प्रोफाइल सोना तस्करी मामले में झूठे तरीके से फंसाया गया है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) को लिखे चिट्ठी में राव ने आरोप लगाया कि उन्हें सीधे विमान से गिरफ्तार किया गया था।

अभिनेत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि एजेंसी ने आधिकारिक तौर पर कहा है कि उन्हें एयरपोर्ट टर्मिनल से गिरफ्तार किया गया है, जो गलत है।

उन्होंने आगे आरोप लगाया कि उनके साथ मारपीट की गई। इसके अलावा खाना भी नहीं दिया गया। चिट्ठी में रान्या राव ने कहा है कि उन्हें सोने भी नहीं दिया गया और दवाब बनाकर दस्तावेजों पर साइन भी कराए गए।

अदालत ने खारिज कर दी जमानत याचिका- रान्या राव की जमानत याचिका को शुक्रवार को आर्थिक अपराध न्यायालय ने खारिज कर दिया। रान्या राव को 3 मार्च को दुबई से बेंगलुरू के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की 14 किलोग्राम सोने की छड़ों के साथ गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में राव के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

इस बीच, मामले के दूसरे आरोपी तरुण कोंडुरु ने अपनी जमानत याचिका दाखिल की है।

## कंटेंट क्रिएटर्स के लिए केंद्र सरकार देगी 83 हजार करोड़ रुपये, WAVES 2025 समिट से पहले की घोषणा




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत सरकार ने डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स को बढ़ावा देने के लिए 1 अरब डॉलर (लगभग 83,000 करोड़ रुपये) के फंड की घोषणा की है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस फैसले की जानकारी WAVES 2025 समिट से पहले एक उच्च स्तरीय बैठक में दी।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का मकसद विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन 2025 से पहले अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को शामिल करना था , जो 1 से 4 मई 2025 तक मुंबई में होने वाला है।

कई नेता और नौकरशाह रहे मौजूद- इस अवसर पर केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन के साथ-साथ महाराष्ट्र सरकार की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में लगभग 100 राजदूत और उच्चायुक्त शामिल हुए।

यह इवेंट कंटेंट क्रिएटर्स, मीडिया पेशेवरों, टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स और इंडस्ट्री लीडर्स को एक मंच पर लाएगा। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि इस फंड का उद्देश्य हाई-वैल्यू डिजिटल कंटेंट निर्माण को बढ़ावा देना और नई प्रतिभाओं को अवसर देना है। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान था, जिससे मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल आउटरीच में सहयोग मजबूत होगा।

अश्विनी वैष्णव और एस जयशंकर ने क्या कहा- सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, रचनात्मकता, मीडिया और प्रौद्योगिकी का संयोजन दुनिया के मीडिया परिदृश्य को बदल रहा है और आगे बढ़ने की दिशा में एक नए स्तर पर पहुंच रहा है। सभी क्षेत्रों से क्रिएटर समुदाय उच्च मूल्य की सामग्री बना सकते हैं और यही वेव्स 2025 की मूल अवधारणा है।

## मुझे डंडों से पीटा गया, सात दिन तक खाई जेल की रोटी, अमित शाह ने असम में सुनाई कांग्रेस शासन की कहानी



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को असम के दौरे पर पहुंचे। गृहमंत्री अमित शाह ने डेरगांव में लचित बरफुकन पुलिस अकादमी के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान जनसभा को संबोधित भी किया।


अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने असम के पूर्व मुख्यमंत्री के रूप में हितेश्वर सैकिया के कार्यकाल के दौरान उनकी नजरबंदी को याद किया। अमित शाह ने उस समय का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि असम में कांग्रेस सरकार के दौरान, उनके साथ मारपीट की गई और उन्होंने राज्य में सात दिनों तक जेल का खाना खाया।

शाह ने क्या कहा- डेरगांव में लचित बरफुकन पुलिस अकादमी के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए शाह ने कांग्रेस पर हमला किया और कहा कि कांग्रेस ने असम में शांति नहीं रहने दी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि असम में कांग्रेस सरकार ने मुझे भी पीटा है। हितेश्वर सैकिया असम के मुख्यमंत्री थे और हम पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के खिलाफ नारे लगाते थे कि असम की गलियां सुनी हैं, इंदिरा गांधी खूनी है। मैंने भी असम में सात दिनों तक जेल का खाना खाया था और पूरे देश से लोग असम को बचाने के लिए आए थे। आज असम विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

जानकारी दें कि हितेश्वर सैकिया 1983 से 1985 तक और फिर 1991 से 1996 तक दो बार असम के मुख्यमंत्री रहे। अमित शाह ने कहा कि असम की लचित बरफुकन पुलिस अकादमी अगले 5 वर्षों में देश की शीर्ष पुलिस अकादमी बन जाएगी।

गृहमंत्री शाह ने असम के सीएम को दी बधाई- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आगे कहा कि आने वाले पांच वर्षों में पुलिस अकादमी पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी बन जाएगी। मैं असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को इसका नाम लाचित बरफुकन के नाम पर रखने के लिए धन्यवाद देता हूं।

## पढ़ाई में कमजोर बेटों को पिता ने उतारा मौत के घाट, फिर कर ली आत्महत्या; ONGC कर्मचारी के कदम से मचा हड़कंप




नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के का कीनाडा जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जिले में 37 वर्षीय ओएनजीसी कर्मचारी ने कथित तौर पर अपने दो नाबालिग बेटों की खराब शैक्षणिक प्रदर्शन के कारण उनको मार डाला।

जानकारी के अनुसार ओएनजीसी कर्मचारी ने अपने दोनों नाबालिग लड़कों को पानी की बाल्टी में डुबोकर मार डाला। बाद में शख्स ने खुद भी आत्महत्या कर ली। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

बच्चों के पढ़ाई ना करने से नाराज था पिता - पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार लड़कों के पिता वी. चंद्र किशोर ने शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे कथित तौर पर उन्हें पानी की बाल्टी में डुबोकर मार डाला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वह बच्चों के अच्छे से पढ़ाई ना करने से नाराज था। मामले की जांच अन्य एंगल से भी की जा रही है।

एक पुलिस अधिकारी ने समाचार एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए कहा कि शख्स ने अपने बेटों की हत्या उनके खराब शैक्षणिक प्रदर्शन के कारण की। पिता को डर था, कि अगर वे अपनी पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन नहीं करेंगे तो उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में संघर्ष करना पड़ेगा और कष्ट सहना पड़ेगा। शख्स इस विचार को सहन न कर पाने के कारण उसने यह कदम उठाया।

अधिकारी ने इस मामले में बताया कि एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है और उसकी सामग्री की जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीमों को तैनात किया गया है, जबकि इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार सटीक परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है। शख्स की पत्नी रानी ने अपने शिकायत में बताया कि उनके पति बेडरूम में लटके हुए पाए गए, जबकि उनके बच्चे बाल्टी में बेजान पड़े थे। अब इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
हिन्दकुश मीडिया
jagrayam.com
online news magazine
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 कृष्ण द्वतीया

## संपादकीय

# यह प्रक्रिया एक सस्ती उत्प्रेरक के साथ शुरू होती है जो.....



यह प्रक्रिया एक सस्ती उत्प्रेरक के साथ शुरू होती है जो पॉलिएस्टर परिवार में सबसे व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले प्लास्टिक पॉलीथीन टेरेफ्थेलेट (पीईटी) में बांड को तोड़ देती है। एक बार टूट जाने के बाद, सामग्री बस परिवेश हवा के संपर्क में आती है ताकि पीईटी को मोनोमर्स में स्थानांतरित किया जा सके - प्लास्टिक के आवश्यक निर्माण ब्लॉक।

शोधकर्ताओं का मानना है कि इन मोनोमर्स को तब पुनर्नवीनीकरण या अधिक मूल्यवान सामग्रियों में अपचक्रित किया जा सकता है।

नई तकनीक, जो वर्तमान प्लास्टिक रीसाइक्लिंग विधियों की तुलना में सुरक्षित, सस्ती और अधिक टिकाऊ है, प्लास्टिक के लिए एक परिपत्र अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक आशाजनक रास्ता प्रदान करती है। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, ÷हमारे शोध के बारे में विशेष रूप से रोमांचक यह है कि हमने प्लास्टिक को तोड़ने के लिए हवा से नमी का दोहन किया, एक असाधारण स्वच्छ और चयनात्मक प्रक्रिया प्राप्त की,÷ योसी क्रेटिश, जो अध्ययन के सह-लेखक भी हैं।

सतत समाधान शोधकर्ताओं ने मोलिब्डेनम उत्प्रेरक और सक्रिय कार्बन का उपयोग किया - जिनमें से दोनों सस्ती, प्रचुर और गैर विषैले हैं। प्रक्रिया शुरू करने के लिए, उन्होंने पीईटी को उत्प्रेरक और सक्रिय कार्बन के साथ जोड़ा और फिर मिश्रण को गर्म किया। पॉलिएस्टर प्लास्टिक में रासायनिक बांड से जुड़ी दोहराई जाने वाली इकाइयों के साथ बड़े अणु होते हैं। थोड़े समय के भीतर, ये बंधन टूट गए।

इसके बाद, शोधकर्ताओं ने खंडित सामग्री को हवा में उजागर किया। नमी के एक निशान के साथ, यह पॉलीएस्टर के लिए एक अत्यधिक मूल्यवान अग्रदूत टेरेफ्थेलिक एसिड (टीपीए) में बदल गया। केवल बायप्रोडक्ट एसिटलडिहाइड था, जो वाणिज्यिक मूल्य के साथ आसानी से हटाने योग्य औद्योगिक रसायन था।

औसतन, अपेक्षाकृत शुष्क परिस्थितियों में भी, वातावरण में लगभग 10,000 से 15,000 घन किलोमीटर पानी है

हवा की नमी का लाभ उठाना हमें थोक सॉल्वेंट्स को खत्म करने, ऊर्जा इनपुट को कम करने और आक्रामक रसायनों के उपयोग से बचने, प्रक्रिया को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की अनुमति देता है।

प्लास्टिक की समस्या पीईटी प्लास्टिक - खाद्य पैकेजिंग और पेय की बोतलों में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है - वैश्विक प्लास्टिक की खपत का 12त्न हिस्सा है। प्राकृतिक क्षरण के प्रतिरोध के कारण प्लास्टिक प्रदूषण में इसका बड़ा योगदान है। उपयोग के बाद, यह या तो लैंडफिल में समाप्त होता है या छोटे माइक्रोप्लास्टिक्स या नैनोप्लास्टिक में नीचा दिखाता है, अपशिष्ट जल और जलमार्ग को प्रदूषित करता है।पुनर्चक्रण प्लास्टिक अनुसंधान में एक महत्वपूर्ण फोकस बना हुआ है, लेकिन मौजूदा तरीके अक्सर चरम स्थितियों पर निर्भर करते हैं - जैसे कि उच्च तापमान, गहन ऊर्जा का उपयोग, और कठोर सॉल्वेंट्स - जो विषाक्त उपप्रकार का उत्पादन करते हैं।

इसके अलावा, प्लैटिनम और पैलेडियम जैसे उत्प्रेरक महंगे हैं और अपशिष्ट समस्या में योगदान करते हैं। एक बार प्रतिक्रिया पूरी हो जाने के बाद, शोधकर्ताओं को पुनर्नवीनीकरण सामग्री को सॉल्वेंट्स से अलग करना होगा - एक प्रक्रिया जो समय लेने वाली और ऊर्जा-गहन दोनों है

सॉल्वेंट्स का इस्तेमाल करने के बजाय हमने हवा से जल वाष्प का इस्तेमाल किया. यह प्लास्टिक रीसाइक्लिंग के मुद्दों से निपटने का एक बहुत अधिक सुरुचिपूर्ण तरीका हैतेज और कुशल प्रक्रिया तेज और कुशल दोनों है, जो केवल चार घंटे के भीतर संभावित टीपीए का 94त्न वसूल करता है।

# बिपिन रावत



बिपिन रावत भारत के प्रथम चीफ़ ऑफ़ डिफ़ेंस स्टाफ़ थे। उन्होंने यह पद 31 दिसंबर, 2019 को ग्रहण किया था। इससे पहले उन्होंने भारतीय थल सेना के 27वें सेनाध्यक्ष के रूप में भी काम किया। तब उन्हें सेना प्रमुख दलबीर सिंह सुहाग का उत्तराधिकारी नियुक्त किया गया था। बिपिन रावत ने 31 दिसंबर, 2016 को थल सेनाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया था। उरी हमले के बाद सीमा पार जाकर सर्जिकल स्ट्राइक पैरा कमांडोज की योजना भी जनरल बिपिन रावत ने दी थी। बहुत कम लोगों को इस बारे में पता होगा लेकिन इसके पीछे जनरल बिपिन रावत का ही दिमाग था। अपने 63 साल के जीवन काल में बिपिन रावत ने अनेकों ऐसे कई काम किए, जो हमेशा लोगों के दिलों में याद रखे जाएंगे।

## परिचय

बिपिन रावत का जन्म उत्तराखण्ड के पौड़ी गढ़वाल में 16 मार्च, सन 1958 को हुआ था। उनकी शुरुआती स्कूली पढ़ाई शिमला के एडवर्ड स्कूल में हुई। पिता एल.एस. रावत भी सेना में अधिकारी थे। वे भारतीय सेना के डिप्टी चीफ़ के पद से रिटायर हुए थे। 1978 में बिपिन रावत को देहरादून स्थित इंडियन मिलिट्री एकेडमी से पास आउट होने पर 11वीं गोरखा राइफल्स की 5वीं बटालियन में कमीशन के लिए चयनित किया गया था। वह भारतीय सैन्य एकेडमी के बेस्ट कैडेट थे। उन्हें स्वार्ड ऑफ ऑनर भी मिला। अपने पूरे करियर के दौरान उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक, युद्ध सेवा पदक, सेना पदक और विशिष्ट सेवा पदक आदि जैसे सम्मानों के द्वारा अनेकों बार सम्मानित भी किया जा चुका था। सेना प्रमुख के पद पर आने से पहले जनरल बिपिन रावत ने दक्षिणी कमान के कमांडर और सहसेनाध्यक्ष का पदभार भी संभाला। उनको कांगो में मल्टीनेशनल ब्रिगेड की कमान संभालने के साथ-साथ यूएन मिशन में सेक्रेटरी जनरल और फोर्स कमांडर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी जिम्मेदारी दी गई। उनके द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा पर लिखे गये अनेकों लेख दुनिया भर के कई जर्नल्स में प्रकाशित किये जा चुके हैं। बिपिन रावत के चाचा, भरत सिंह रावत भारतीय सेना के एक सेवानिवृत्त हवलदार (गैर-कमीशन अधिकारी) हैं। उनके अन्य चाचा हरिनंदन ने भी भारतीय सेना में सेवा की।

## शिक्षा

बिपिन रावत ने अपनी शुरुआती शिक्षा देहरादून के कैम्ब्रियन हॉल स्कूल और सेंट एडवर्ड स्कूल, शिमला में प्राप्त की और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में शामिल हो गए, जहाँ उन्हें 'स्वॉर्ड ऑफ़ ऑनर' से सम्मानित किया गया। वह डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी), वेलिंगटन और यूनाइटेड स्टेट्स आर्मी कमांड में हायर कमांड कोर्स और फोर्ट लीवेनवर्थ, कंसास में जनरल स्टाफ कॉलेज से भी स्नातक थे। उन्होंने एम.फिल. भी किया। रक्षा अध्ययन में डिग्री के साथ-साथ मद्रास विश्वविद्यालय से प्रबंधन और कंप्यूटर अध्ययन में डिप्लोमा। सैन्य मीडिया सामरिक अध्ययन पर उनके शोध के लिए उन्हें चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी से सम्मानित किया गया था।

## विवाह

जनरल बिपिन रावत की पत्नी का नाम मधुलिका था, वह आर्मी वाइफ्लस वेल्फेयर असोसिएशन की अध्यक्ष भी थीं। उनकी पत्नी मधुलिका मध्य प्रदेश के शहडोल की रहने वाली थीं और स्वर्गवासी राजनेता मृगेंद्र सिंह की पुत्री थीं। मधुलिका रावत ने अपनी पढाई दिल्ली यूनिवर्सिटी से साइकोलॉजी में की। वह कई तरह से सोशल वर्क के अलावा कैंसर पीड़ितों के लिए काम किया करती थीं। जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत दो बेटियों के माता-पिता थे।

## सैन्य कॅरियर

बिपिन रावत को 16 दिसंबर, 1978 को 11 गोरखा राइफल्स की 5वीं बटालियन में भर्ती कराया गया था। उसी यूनिट में उनके पिता थे। एक मेजर के रूप में, उन्होंने उरी, जम्मू और कश्मीर में एक कंपनी की कमान संभाली। कर्नल के रूप में उन्होंने किबिथू में वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ पूर्वी सेक्टर में 5वीं बटालियन 11 गोरखा राइफल्स की कमान संभाली। एक ब्रिगेडियर के रूप में उन्होंने सोपोर में राष्ट्रीय राइफल्स के 5 सेक्टर की कमान संभाली। इसके बाद उन्होंने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में एक अध्याय द्धद्भ मिशन में एक बहुराष्ट्रीय ब्रिगेड की कमान संभाली, जहाँ उन्हें दो बार फोर्स कमांडर की प्रशस्ति से सम्मानित किया गया।

मेजर जनरल के पद पर पदोन्नति के बाद बिपिन रावत ने 19वीं इन्फैंट्री डिवीजन (उरी) के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में पदभार संभाला। एक लेफ्टिनेंट जनरल के रूप में उन्होंने पुणे में दक्षिणी सेना को संभालने से पहले दीमापुर में मुख्यालय वाली तृतीय कोर की कमान संभाली। उन्होंने भारतीय सैन्य अकादमी (देहरादून) में एक अनुदेशात्मक कार्यकाल, सैन्य संचालन निदेशालय में जनरल स्टाफ ऑफिसर ग्रेड 2, मध्य भारत में एक पुनर्गठित आर्मी प्लेन्स इन्फैंट्री डिवीजन के लॉजिस्टिक्स स्टाफ ऑफिसर, कर्नल सहित स्टाफ असाइनमेंट भी संभाला।

सैन्य सचिव की शाखा में सैन्य सचिव और उप सैन्य सचिव और जूनियर कमांड विंग में वरिष्ठ प्रशिक्षक रहने के साथ-साथ बिपिन रावत ने पूर्वी कमान के मेजर जनरल जनरल स्टाफ के रूप में भी काम किया। सेना कमांडर ग्रेड में प्रोमोसन मिलने के बाद, रावत ने 1 जनवरी 2016 को जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) दक्षिणी कमान का पद ग्रहण किया। एक छोटे कार्यकाल के बाद 1 सितंबर 2016 को उन्होंने थल सेना के उप प्रमुख का पद ग्रहण किया। जनरल बिपिन रावत आर्मी चीफ से 31 दिसंबर 2019 को रिटायर होने के बाद भारत के सबसे पहले चीफ़ ऑफ डिफेंस स्टाफ नियुक्य किये गए थे।

## उपलब्धियाँ

साल 2019 में संयुक्त राज्य अमेरिका की अपनी यात्रा पर जनरल रावत को यूनाइटेड स्टेट्स आर्मी कमांड और जनरल स्टाफ कॉलेज इंटरनेशनल हॉल ऑफ फ़ेम में शामिल किया गया था। वह नेपाली सेना के मानद जनरल भी थे। उनकी उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं

परम विशिष्ट सेवा पदक
उत्तम युद्ध सेवा पदक
अति विशिष्ट सेवा पदक
युद्ध सेवा पदक
सेना पदक
विशिष्ट सेवा पदक
सीओएएस कमेंडेशन
आर्मी कमांडर कमेंडेशन

## मृत्यु

8 दिसंबर, 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर में सीडीएस जनरल बिपिन रावत को लेकर जा रहा सेना का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कथित तौर पर हेलीकॉप्टर में सीडीएस बिपिन रावत, उनकी पत्नी, सुरक्षा कमांडो और एक आईएएफ़ पायलट सहित 14 लोग सवार थे। इस दुर्घटनग्रस्त में तेरह लोगों की जान चली गई। मरने वालों में भारत के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत भी शामिल थे। भारतीय वायु सेना द्वारा भारतीय सशस्त्र बलों के चीफ़ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ को मृत घोषित कर दिया गया।

# विदेश से दाल खरीदने की बजाय देश में ही दलहन में आत्मनिर्भरता बढ़ाएगी सरकार



नई दिल्ली (एजेंसी)। घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए दशकों से दालों का आयात करते आ रही केंद्र सरकार अगले पांच वर्षों के भीतर दलहन में आत्मनिर्भरता के लिए प्रयासरत है। अपने उत्पादन की मात्रा के एक चौथाई दलहन का प्रत्येक वर्ष आयात करने वाले देश के लिए यह लक्ष्य आसान भी नहीं है।


फिर भी रबी एवं खरीफ दाल से अलग जायद (ग्रीष्मकालीन) दलहन की फसलों के रकबे में तेजी से हो रही वृद्धि उम्मीद जगा रही है। यह वृद्धि उस स्थिति में है जब कई राज्यों में जलाशयों का स्तर कम है। दूसरी ओर बफर स्टाक को भी समृद्ध करने का प्रयास जारी है। देश में ग्रीष्मकालीन फसलों का रकबा लगभग 72 लाख हेक्टेयर है। मार्च मध्य तक 40 लाख हेक्टेयर में बुवाई हो चुकी है।

पिछले वर्ष 33 लाख हेक्टेयर में हुई थी दलहन की बुवाई- पिछले वर्ष इसी अवधि में लगभग 33 लाख हेक्टेयर में दलहन की बुवाई हुई थी। इस बार मध्य मार्च में ही दलहन का रकबा दोगुना से भी अधिक हो गया है, जबकि ग्रीष्मकालीन फसलों की बुआई मई तक चलती है। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान दलहन का रकबा 2.05 लाख हेक्टेयर था।

मूंग और उड़द की बुवाई में तेजी- इस बार मूंग एवं उड़द की बुवाई में तेज वृद्धि देखी जा रही है। मूंग की बुवाई 1.34 लाख हेक्टेयर से 168 प्रतिशत बढ़कर 3.58 लाख हेक्टेयर हो गई है, जबकि उड़द की बुवाई 63 हजार हेक्टेयर से 106 प्रतिशत बढ़कर 1.3 लाख हेक्टेयर हो गई है। मध्य प्रदेश, बिहार, ओडिशा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश एवं गुजरात में ग्रीष्मकालीन दलहन की खेती ज्यादा होती है।

बफर स्टाक को भी समृद्ध करेगी सरकार- आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए दोतरफा प्रयास है। पैदावार बढ़ाने के साथ-साथ बफर स्टाक को भी समृद्ध करना है, जो खाली होने की स्थिति में है। दलहन की खेती के लिए किसानों को प्रेरित और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार अगले चार वर्षों तक तुअर, मसूर एवं उड़द की सारी उपज की खरीदारी करेगी। इस बार के बजट में भी इसका प्रविधान किया गया है।

## ब्लैकस्टोन ने इस कंपनी में खरीदी 40% हिस्सेदारी, 2 हफ्ते में स्टॉक का भाव 38ल बढ़ा



नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया की दिग्गज इंवेस्टमेंट फर्म ब्लैकस्टोन ने इंडियन रियल एस्टेट फर्म Kolte-Patil Developers Limited में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी को खरीद लिया है। एक्सचेंज को दी गई जानकारी के अनुसार यह डील 1167.03 करोड़ रुपये में हुई है। इस ट्रांजैक्शन के बाद अब ब्लैकस्टोन के पास विकल्प है कि वो मौजूदा प्रमोटर शेयरहोल्डर्स से ओपन ऑफर के जरिए शेयर खरीद सके।

बीएसई को दी जानकारी के अनुसार यह रियल्टी फर्म 14.29 प्रतिशत प्रीफरेंशियल शेयर को ब्लैकस्टोन को देगी। इसके लिए कुल 417.03 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। इस डील की वजह से 1.26 करोड़ शेयर ट्रांसफर हो जाएंगे।

Kolte-Patil Developers के मौजूदा शेयरहोल्डर्स 25.71 प्रतिशत हिस्सेदारी को बेच रहे हैं। इसके लिए उन्हें 750 करोड़ रुपये मिलेंगे। इस डील के अनुसार अमेरिकी कंपनी को 2.27 करोड़ शेयर मिलेंगे। दोनों ट्रांजैक्शन को मिला दें यह कुल 1167.03 करोड़ रुपये होता है। जिसके बदले ब्लैकस्टोन को 2.27 करोड़ शेयर मिलेंगे। बता दें, ब्लैकस्टोन यह हिस्सेदारी BREP Asia III India Holding Co VII Pte के जरिए खरीद रहा है। इस डील के पूरा होने के बाद अमेरिकी इंवेस्टमेंट कंपनी के पास 66 प्रतिशत हिस्सेदारी हो जाएगी। जिसकी वजह से कंपनी का कंट्रोल ब्लैकस्टोन को चला जाएगा।

# घर में रखा जा सकता है केवल इतना ही सोना, जानें क्या कहता है नियम



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में सोना खरीदना काफी शुभ माना जाता है। वहीं ज्यादातर लोग शादी या किसी शुभ अवसर पर ही सोना खरीदना पसंद करते है। इसके साथ ही भारतीय महिलाएं सोने के आभूषण पहनना काफी पसंद करती है। वही लोग अपने बच्चों की शादी के लिए पहले से ही सोना खरीद कर घर में रखते है। लेकिन आप एक लिमिट तक ही सोना फिजिकल फॉर्म में रख सकते हैं।

अगर आप इस लिमिट से ज्यादा सोना घर में रखते हैं, तो आपको इनकम टैक्स विभाग को जवाब देना होगा। इसलिए सोना खरीदने से पहले इससे जुड़े नियम चेक कर लें।

सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज के अनुसार कुछ चीजों की खरीद पर कोई टैक्स नहीं लगता है। इस बारे में मिली जानकारी के मुताबिक विरासत में मिला पैसा, एक लिमिट तक सोना खरीद या स्टोर और एग्रीकल्चर में कोई टैक्स नहीं देना होता है।

इसलिए अगर आप घर में एक लिमिट तक सोना स्टोर करते हैं, तो कोई भी आपकी ऑफिशियल तलाशी नहीं ले पाएगा।

अविवाहित महिलाएं- अविवाहित महिलाएं घर में 250 ग्राम ही सोना रख सकती है।

अविवाहित पुरुष- अविवाहित पुरुष को केवल 100 ग्राम सोना रखने की अनुमति दी गई है।

विवाहित महिलाएं- विवाहित महिलाएं 500 ग्राम सोना तक ही रख सकती है।

विवाहित पुरुष- वहीं विवाहित पुरुष घर में 100 ग्राम सोना ही रख सकती है।

GST On Gold: कितना देना होगा टैक्स- अगर आप सोना बेचने जाते हैं, तो आपको सोने से हुई कमाई पर सरकार को टैक्स देना पड़ता है। छ्र्रुक्क के सर्कुलर के हिसाब से अगर आप सोना खरीद इसे 3 साल में बेचते है, तो शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स देना होगा। इसके साथ ही अगर आप 3 साल से ज्यादा समय के बाद सोना बेचते है, तो आपको लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स देना होगा।

## नवरत्न कंपनी डिविडेंड देने की तैयारी में, क्या इस समय दांव लगाना रहेगा सही? कीमत 200 रुपये से कम



नई दिल्ली (एजेंसी)। नवरत्न कंपनी इंडियन रेलवे फाइनेंस कंपनी के शेयर सोमवार को फोकस में रहेंगे। कंपनी की बोर्ड मीटिंग इस दिन रहेगी। इस बोर्ड मीटिंग के एजेंडा में इस बार डिविडेंड भी शामिल है। अगर बोर्ड की तरफ से डिविडेंड देने पर सहमति जताई जाती है तो उसके लिए तय रिकॉर्ड डेट 21 मार्च 2025 होगा।

क्या सलाह दे रहे हैं एक्सपर्ट- Fynocrat Technologies के फाउंडर और डायरेक्टर गौरव गोयल कहते हैं, सरकार की फंडिंग की वजह से 4.5 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पाइपलाइन में है। गति शक्ति और मिडिल ईस्ट यूरोप इकनॉमिक कॉरीडोर जैसे लार्ज स्केल प्रोजेक्ट्स की वजह से लॉन्ग टर्म के लिए आईआरएफसी अच्छी पोजीशन में है। हालांकि, शॉर्ट टर्म में यह स्टॉक संघर्ष करता नजर आ सकता है।

गुरुवार को IRFC के शेयर 1.22 प्रतिशत की गिरावट के बाद 117.70 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। 2025 में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 20 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। बीते 6 महीने के दौरान यह नवरत्न स्टॉक 29 प्रतिशत से अधिक गिरा है। इसी दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 10 प्रतिशत से अधिक लुढ़का है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 229.05 रुपये और 52 वीक लो लेवल 108.05 रुपये है।


# शेयर बाजार की गिरावट में इन 10 शेयरों के भाव लुढ़के, लॉन्ग टर्म के लिए बुलिश एक्सपर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार की स्थिति इस समय अच्छी नहीं है। मार्केट में छोटी भी तेजी बिकवाली का आमंत्रित कर रही है। पिछले 6 महीने शेयर बाजार के निवेशकों के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा है। 26 सितंबर 2024 को एनएसई 26277 पर था। गुरुवार को यह 22397 पर आ गया। तब से अबतक निफ्टी में अकेले 3880 प्वाइंट या फिर 14.75 प्रतिशत की गिरावट आई है।

सेंसेक्स 26 सितंबर 2024 को 85,978 पर था। तब से अबतक सेंसेक्स में 12,150 अंक या फिर 14.15 प्रतिशत की गिरावट आई है। बता दें, बैंक निफ्टी इंडेक्स में 6407 अंक की गिरावट लाइफ टाईम हाई से देखने को मिल चुकी है। वहीं, स्मॉल कैप इंडेक्स में 24 प्रतिशत की गिरावट आई है। स्टॉक मार्केट पर नजर रखने वाले एक्सपर्ट्स के अनुसार भारी दबाव के बाद भी घरेलू शेयर बाजार स्थिति संभालने में सफल रहा है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि मौजूदा समय में अच्छे कंपनियों के शेयर सस्ते दाम पर मिल रहे हैं। सीएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज से जुड़ी सीमा श्रीवास्तव कहती हैं, घरेलू मार्केट वैश्विक परिस्थितियों की वजहों से संघर्ष कर रहा है। बाहरी दबाव के बाद भी घरेलू स्टॉक मार्केट खुद संभालने में सफल रहा है। स्टॉक मार्केट में तेजी की संभावना बरकरार है। लेकिन निवेशक वैश्विक स्थितियों पर भी नजर बनाए रखें। सीमा श्रीवास्तव कहती हैं, ÷निवेशकों को सलाह है कि उन कंपनियों पर फोकस करें जिनका फंडामेंटल दुरुस्त है। लेमन ट्री होटल्स लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू स्टील,बैंक ऑफ बड़ौदा, यूबीएल लिमिटेड, एसजेवीएन लिमिटेड, एक्सिस बैंक India Limited और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड है।

## 8 के शेयर ने बना दिया करोड़पति, 545 गुना बढ़ा भाव, आपका है दांव?



नई दिल्ली (एजेंसी)। बाजार में लिस्टेड कई पेनी स्टॉक हैं जिन्होंने निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। ऐसा ही पेनी स्टॉक- ञ्जष्टक्र पैकेजिंग लिमिटेड है। इस स्टॉक ने निवेशकों को लॉन्ग टर्म में मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। इस कंपनी के शेयर साल 2002 में 7 प्रति शेयर के स्तर पर थे। आज की तारीख में यह शेयर 4400 रुपये के स्तर पर है।

बीते एक महीने में ञ्जष्टक्र पैकेजिंग के शेयर की कीमत बीएसई पर 3748 से बढ़कर 4365 प्रति शेयर हो गई है, जो 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि को दिखाता है। पिछले छह महीनों में इस मल्टीबैगर शेयर में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। बता दें कि साल-दर-दिन आधार पर कंपनी के शेयर की कीमत लगभग 3222 से बढ़कर 4365 प्रति शेयर हो गई है, जो 35 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि को दिखाता है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# भोपाल रेल मंडल के नौ रेलवे स्टेशनों को मिला ग्रीन सर्टिफिकेशन




भोपाल। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के नौ स्टेशनों को ग्रीन सर्टिफिकेशन मिला है। यह आइएसओ 14001¬2015 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (इएमएस) प्रमाणपत्र यात्रियों को स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल रेल यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए दिया है। यह प्रमाणपत्र पर्यावरणीय गुणवत्ता, स्वच्छता, जल संरक्षण और ऊर्जा दक्षता के बेहतर प्रबंधन के लिए दिया जाता है।यह प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले रेलवे स्टेशनों में भोपाल, बीना, इटारसी, गंजबासौदा, गुना, नर्मदापुरम, सांची, शिवपुरी और विदिशा हैं।

इस प्रमाणन के तहत रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता, वैज्ञानिक कचरा निपटान, पुनर्चक्रण, ऊर्जा बचत और सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि भोपाल मंडल के इन रेलवे स्टेशनों पर उच्च स्वच्छता मानकों को अपनाया गया है। कचरे का व्यवस्थित निपटान, पुनर्चक्रण की सुविधाएं और जल संरक्षण के लिए विशेष उपाय किए गए हैं।

ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे स्टेशनों पर बिजली की खपत कम हो रही है।

सौर ऊर्जा को बढ़ावा देकर स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को प्राथमिकता दी जा रही है।

यह प्रमाणन यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। इन प्रयासों के चलते यात्रियों को साफ-सुथरे प्लेटफार्म, स्वच्छ शौचालय, सुरक्षित पेयजल और बेहतर वायु गुणवत्ता जैसी सुविधाएं मिल रही हैं।

**- सौरभ कटारिया, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक**

## कैबिनेट मंत्री डॉ. विजय शाह को धमकी, सोशल मीडिया पर लिखा- तीन दिन हैं, बच सके तो बच ले....'



खंडवा। मध्य प्रदेश के जनजातिया कार्य विभाग मंत्री और हरसूद विधायक डॉ. विजय शाह को सोशल मीडिया पर क्षेत्र के ही एक आदिवासी और पूर्व कांग्रेसी नेता द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है। इससे मंत्री समर्थकों में आक्रोश व्याप्त है।

आरोपित मुकेश दरबार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर खालवा और हरसूद क्षेत्र के भाजपा नेताओं कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में समर्थक मंत्री के जोगीबेड़ा स्थित वेयरहाउस पर एकत्र हो रहे हैं। इधर हरसूद पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया है।मंत्री की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है

पुलिस ने मंत्री विजय शाह की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। आरोपित द्वारा दो दिन में मंत्री को पूरे परिवार के साथ खत्म करने की धमकी दी गई है। आरोपित दरबार इससे पूर्व भी कई बार मंत्री के खिलाफ अनर्गल बयान बाजी और धमकियां दे चुका है।इसके मामले में प्रकरण भी दर्ज हो चुके हैं। जिला पंचायत चुनाव के दौरान मंत्री और उनके पुत्र दिव्यदित्य शाह के खिलाफ भी बयान बाजी के चलते मामला गर्मा गया था। इसके चलते आरोपित के विरुद्ध मानहानि का दावा और पुलिस में शिकायत भी की गई थी। मंत्री विजय शाह के समर्थन में बड़ी संख्या में लोग जुट गए है। ये सभी आरोपित को जल्द से जल्द पकड़कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। हालांकि इस मामले में अभी तक मंत्री का कोई बयान सामने नहीं आया है।

## क्लर्क ने बढ़ा ली खुद की सैलरी...जबलपुर के ऑडिट ऑफिस में पौने सात करोड़ का गबन



जबलपुर । स्थानीय निधि संपरीक्षा (लोकल फंड आडिट) के क्षेत्रीय कार्यालय में पौने सात करोड़ रुपये के गबन के मामले में लिपिक संदीप शर्मा सहित पांच पर अपराधिक मामला पंजीबद्ध किया है। आरोपित लिपिक क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ था। उसके पास पे रोल जनरेशन और कर्मचारियों के बिल बनाने का उत्तरदायित्व था।

इस जिम्मेदारी की आड़ में आरोपित ने धांधली करते हुए सरकारी राशि अपने स्वजन के बैंक खाते में स्थानांतरित किया। बिल और वेतन की जालसाजी में आरोपित ने लगभग पौने सात करोड़ रुपये की सरकारी राशि का गबन किया।मामले में गुरुवार को ओमती थाना में लिपिक संदीप व अन्य आरोपितों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया गया है। अन्य आरोपितों में भोपाल स्थित संचालनालय स्थानीय निधि संपरीक्षा सतपुड़ा भवन कार्यालय में पदस्थ मनोज बरहैया, सीमा अमित तिवारी, प्रिया विश्नोई एवं अनूप कुमार हैं और सभी फरार हैं।ऐसे किया फर्जीवाड़ा

आरोपित लिपिक ने शासन की विभिन्न बीमा एवं परिवार कल्याण की योजना राशि में फर्जीवाड़ा किया। सरकारी राशि हड़पने के लिए जो ऐसे व्यक्ति को जो कभी शासकीय सेवा में नहीं थे, उन्हें मृत घोषित किया। उनके रिकार्ड में छद्म नामिनी बनाकर रुपये निकला। धांधली में लिपिक ने जाली हस्ताक्षर किए। जाली कर्मचारी कोड और नंबर नंबर बनाया।

कई कूटरचित शासकीय अभिलेख तैयार किए। महंगाई भत्ते के एरियर की गणना में अपने परिचित कर्मचारियों को अवैध तरीके से आर्थिक लाभ पहुंचाया। क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ अनूप कुमार बौरिया, आरोपित लिपिक का नजदीकी था। उसे 28 हजार आठ रुपये डीए एरियर राशि स्वीकृत हुआ था।

डीए का एरियर भुगतान भी करवा दियाआरोपित लिपिक ने सॉफ्टवेयर में फर्जी फीड करते हुए अनूप के लिए दो लाख 53 हजार आठ रुपये डीए का एरियर भुगतान करवा दिया। आरोपित ने अर्जित अवकाश समर्पण और समूह बीमा योजना का चार करोड़ 69 लाख 82 हजार 551 रुपए और परिवार कल्याण निधि का 57 लाख 87 हजार 479 रुपए का भुगतान अपने और अपने स्वजन के बैंक खाते में भेजा है।अपना वेतन कई गुना बढ़ा लिया

आरोपित लिपिक ने जालसाजी करते हुए अपना मूल वेतन बढ़ा लिया था। विभागीय जांच में पता चला है कि आरोपित लिपिक का वेतन 32 से 34 हजार के रुपये था, जिसे उसने सॉफ्टवेयर में बढ़ा लिया था। प्रतिमाह शासन के खाते से मूल वेतन के अपेक्षाकृत कई गुना अधिक वेतन राशि का आहरण कर रहा था। ऐसा करके उसने लगभग 56 लाख 58 हजार रुपये की राशि का गबन किया। इसके अतिरिक्त लगभग 95 लाख 23 हजार रुपये का अन्य अनाधिकृत भुगतान आरोपित के पक्ष में होना पाया गया है।

## रोजगार के लिए लोन का सपना दिखाकर शिवपुरी में सैकड़ों महिलाओं से लाखों रुपये की ठगी



शिवपुरी। शिवपुरी जिले भर में गरीब महिलाओं को रोजगार के लिए लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी हुई है। आरोपित रातों-रात ऑफिस बंद कर वहां से रफूचक्कर हो गए। फिलहाल ठगी की शिकार हुईं 50 से अधिक महिलाएं सामने आ चुकी हैं। महिलाओं ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा मामले में एफआईआर दर्ज की जा रही है।

जानकारी के अनुसार एसपीएस स्कूल के पास फतेहपुर क्षेत्र में हनुमान मंदिर के पास करीब एक से डेढ़ माह पहले उम्मीद फाउंडेशन एंड माइक्रो फाइनेंस सीकर, राजस्थान के नाम से सुरेश जाट, प्रकाश सेन कुछ लोगों ने एक ऑफिस खोला।आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक पासबुक की कॉपी ले ली

इन लोगों ने खुद को राजस्थान का बड़ा ग्रुप बताते हुए गरीब तबके की महिलाओं को रोजगार के लिए लोन देने के नाम पर जाल बिछाना शुरू किया। इन लोगों ने महिलाओं को दस-दस दिन की ट्रेनिंग दी और इसके बाद महिलाओं के लोन का फार्म भरने के नाम पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी और बैंक पासबुक की फोटो कॉपी ली।महिलाओं से फार्म चार्ज, फाइल चार्ज आदि के नाम पर पांच-पांच हजार रुपये तक ऐंठ लिए और अपना ऑफिस खाली कर वहां से भाग लिए। इसी क्रम में बुधवार की शाम जब कुछ महिलाएं पैसे देकर फार्म भरने पहुंचीं तो उन्हें पता चला कि उक्त लोगों द्वारा ऑफिस खाली कर दिया गया है।

दो आरोपितों के गिरफ्तार होने की सूचना

इस पर महिलाओं को संदेह हुआ। महिलाओं ने गुरुवार की दोपहर कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर उनके खिलाफ आपराधिक प्रकरण कायम कर लिया है। सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने शहर छोड़ने के प्रयास में दो लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है।

शहर के कई बेरोजगार युवाओं को बनाया मोहरा

खास बात यह है कि ठगों ने ठगी की इस वारदात को अंजाम देने के लिए शहर के कई युवाओं को मोहरा बनाया। उन्होंने उक्त लोगों को नौकरी दी और महिलाओं को उनका प्लान समझाने और ग्रुप बनाने के लिए फील्ड में भेजा। करीब आधा दर्जन युवकों ने इसी क्रम में गांव-गांव जाकर महिलाओं से पैसे एकत्रित किए और उनसे पैसे भी लिए। पैसे लेकर गिरोह के कई सदस्य शहर छोड़कर भाग चुके हैं।सेनेटरी पेड बनाने के नाम पर हुई थी करोड़ों की ठगी

यहां बताना होगा कि करीब एक साल पहले शहर में कुछ लोगों द्वारा सेनेटरी पेड पैक करने के नाम पर हजारों महिलाओं ने इसी तरह पैसे ऐंठ कर करोड़ों रुपये की ठगी की वारदात को अंजाम दिया था। उक्त मामले में भी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की, आरोपितों को गिरफ्तार किया।

अब आरोपित जमानत पर हैं, मामला न्यायालय में विचाराधीन है, लेकिन एक भी महिला का एक रुपया भी आज तक वापिस नहीं आया है। ठगी की उक्त वारदात को अंजाम देने के लिए भी ठगों ने शहर की कई महिलाओं का उपयोग किया था।

आरोपितों की तलाश की जा रही हैलोन दिलाने के नाम पर पैसे लेकर ठगी की वारदात करने की शिकायत हमें प्राप्त हुई है। हम इस मामले में एफआईआर दर्ज कर रहे हैं। आरोपितों की तलाश की जा रही है, उम्मीद है कि जल्द ही आरोपित पुलिस गिरफ्त में होंगे।

**- कृपाल सिंह राठौड़, टीआई, कोतवाली**



# मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम होगा तैयार, मोबिलिटी कार्ड से कर सकेंगे सभी तरह के पब्लिक ट्रांसपोर्ट में सफर




इंदौर। शहर में यातायात को बेहतर बनाने के लिए एआईसीटीएसएल और एमपीएमआरसीएल ने मल्टी माडल ट्रांसपोर्ट के एकीकरण को लेकर गुरुवार को निगम परिसर में बैठक आयोजित की। बैठक में जोर दिया गया कि लोक परिवहन का उपयोग करने वाले यात्रियों को सिटी बस और मेट्रो सेवा में कनेक्टीविटी बनी रहे। इसके लिए राष्ट्रीय कॉमन मोबिलिटी कार्ड लागू करेंगे, ताकि एक ही कार्ड से सभी तरह की लोक परिवहन का उपयोग किया जा सके और खरीदारी भी की जा सकें।

इंदौर नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि मेट्रो स्टेशनों के 500 मीटर के दायरे में पैदल चलने वालों के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने, उचित बस बे, पिक-अप व ड्रॉप-आफ पाइंट, साइकिल स्टैंड के लिए सभी स्टेशन पर पार्किंग के बनाई जाएगी।

दूर-दराज के इलाकों से यात्रियों को जोड़ने के लिए फीडर बस नेटवर्क बढ़ाने की योजना है। इसके अलावा, इंदौर रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और आईएसबीटी टर्मिनल को आपस में जोड़ने पर काम किया जाएगा।

राष्ट्रीय कॉमन मोबिलिटी कार्ड की शुरुआत भी होगी, जिससे लोग परिवहन, पार्किंग और शापिंग जैसी सेवाओं में इसे इस्तेमाल कर सकेंगे।

निगमायुक्त वर्मा ने बताया कि हम मल्टीमॉडल परिवहन को मजबूत करने के हर संभव तरीके तलाश रहे हैं, जिससे मेट्रो रेल को शहर की बस सेवा, आटो,ई-रिक्शा, टैक्सी और साइकिल कनेक्टिविटी से जोड़ा जा सके।

# डॉलर इंडेक्स में गिरावट, सोने-चांदी में आई तेजी



इंदौर। भारतीय सराफा बाजार में होली के चलते कारोबार न के बराबर हो रहा है। शुक्रवार को भारतीय बाजार बंद रहेंगे। इस बीच भारतीय बाजार पूरी तर अंतरराष्ट्रीय बुलियन मार्केट से चल रहा है। इसमें भी अमेरिका की नीतियों और वहां आ रहे बदलावों का असर ही बुलियन मार्केट में उतार-चढ़ाव का कारण बना है। अमेरिका के ताजा आंकड़ों में मंहगाई घटने की बात सामने आई हैं। किंतु डालर इंडेक्स में भी अच्छी खासी गिरावट देखी जा रही है।

डालर इंडेक्स कमजोर होने से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर निवेशकों और बाजार में अनिश्चितता बढ़ रही है। इससे सोने-चांदी में सुरक्षित निवेश की मांग अच्छी देखी जा रही है।

निवेशकों की मांग और अमेरिकी आर्थिकी पर संशय बुलियन मार्केट में दोनों कीमती धातुओं के दामों में तेजी ला रहा है। गुरुवार को डालर इंडेक्स 110 के स्तर से गिरकर 103 के स्तर तक आ गया।

इससे सोने में रिकार्ड तेजी देखी गई। कामेक्स पर सोने 2900 डालर का स्तर लांघ लिया है। कामेक्स पर सोने में 2946 डालर प्रति औंस पर कारोबार हुआ।

इससे इंदौर सराफा बाजार में सोना केडबरी 24 केरेट के दाम प्रति दस ग्राम 350 रुपये उछलकर फिर से 88 हजार रुपये पार पहुंच गए। इंदौर में सोना केडबरी 88100 रुपये बोला गया।

इससे बाजार में अनिश्चितता सोने-चांदी को भी लगातार तेजी देते रहेंगे। कुल मिलाकर कीमती धातुओं में सट्टेबाजी जमकर होगी।

कामेक्स पर सोना वायदा 2910 डालर तक जाने के बाद ऊपर में 2948 डालर और नीचे में 2932 डालर प्रति औंस और चांदी ऊपर में 33.19 डालर तक जाने के बाद 33.30 डालर और नीचे में 32.93 डालर प्रति औंस पर कारोबार करता देखी गई।

इंदौर के बंद भाव- सोना केडबरी रवा नकद में 88100 सोना (आरटीजीएस) 88900 सोना 22 कैरेट 81000 रुपये प्रति दस ग्राम रहा।

बुधवार को सोना 87750 रुपये पर बंद हुआ।

## नाबालिग रिसेप्शनिस्ट के साथ प्रॉपर्टी डीलर ने किया दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज



इंदौर। सपना संगीता क्षेत्र की एक कंपनी में रिसेप्शनिस्ट के पद पर काम करने वाली एक नाबालिग के साथ प्रॉपर्टी डीलर ने दुष्कर्म किया। वह कंपनी के दफ्तर में अक्सर आता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कर लिया है। नाबालिग ने पुलिस शिकायत में कहा कि एक दिन आरोपी शहजाद निवासी नायता मुंडला दफ्तर में कोल्ड ड्रिंक और नाश्ता लेकर आया था। कोल्ड ड्रिंक में नशा भी था। पीने के बाद वह होश में नहीं थी। इस बात का फायदा उठाकर आरोपी ने दुष्कर्म किया। आरोपी ने दुष्कर्म का वीडियो भी बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर बार-बार दुष्कर्म करता था। डर के कारण उससे दफ्तर आना छोड़ दिया तो दफ्तर में काम का बहाना बनाकर वह घर आ गया और फिर कार में सुनसान जगह लेकर दुष्कर्म किया। जब नाबालिग ने आरोपी को इनकार करना शुरू कर दिया तो वह परिजनों को नुकसान पहुंचाने की धमकी देने लगा।

इसके बाद नाबालिग ने अपने पिता को यह बात बताई। इसके बाद पिता ने जूनी इंदौर थाने में शिकायत की। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

# इंदौर के एचपीसीएल प्लांट को बम से उड़ाने की धमकी, मेल में आतंकी अफजल गुरु का जिक्र, जांच में नहीं मिला बम



इंदौर। इंदौर के मांगलिया क्षेत्र में स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) प्लांट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हडकंप मच गया। बुधवार सुबह 10.26 बजे एचपीसीएल के आधिकारिक ईमेल पर एक धमकी भरा मेल आया, जिसमें प्लांट में विस्फोट करने की चेतावनी दी गई थी। ईमेल में लिखा था कि प्लांट में पहले से ही विस्फोटक डिवाइस लगाए जा चुके है, जो बड़े धमाके का कारण बन सकते है। मामले की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन और पुलिस अलर्ट हो गई।अधिकारियों की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और प्लांट की तलाशी शुरू की गई।तलाशी में अंदर किसी तरह की संदिग्ध गतिविधियां नहीं मिली।

एचपीसीएल के प्लांट को बम से उड़ाने की धमकी की जानकारी मिलने के बाद प्रशासनिक अलर्ट हो गए और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को सुचना दी गई।

सांवेर एसडीएम धनश्याम धनगर और बम स्क्वाड की टीमे प्लांट पहुंची और जांच शुरू की गई। एसडीएम धनश्याम धनगर ने बताया कि एचपीसीएल के आफिशियल ईमेल एड्रेस पर silambarasan_rajendra@outlook.com एड्रेस से आया था।

भेजने वाले ने यह मेल पाकिस्तान की इस्लामाबाद पुलिस को भी सीसी किया। इस मेल की जानकारी एचपीसीएल प्रबंधन से मिलने के तुरंत बाद प्रशासन अलर्ट में आ गया।

और प्लांट पर बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया। प्लांट के प्रत्येक हिस्से की बारीकी से जांच की गई।

एसडीएम धनगर का कहना है कि जाचं के दौरान किसी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।मेल भेजने वाले की पड़ताल की जा रही है। मेल में कहा कि यह पल भारी पड़ेगा- एचपीसीएल के प्लांट में बम की धमकी का मेले भेजा गया था। इसमें आंतकी अफजल गुरु की फांसी का जिक्र कर बम से उड़ाने की धमकी दी थी।मेल में लिखा गया कि बम ब्लास्ट अफजल गुरु की अन्यायपूर्ण फांसी की याद में किया जाना है।

यह ब्लास्ट इतिहास का एक

# समर शेड्यूल में इंदौर से रायपुर और जबलपुर के लिए शुरू होगी सीधी फ्लाइट




इंदौर। इंदौर एयरपोर्ट से समर शेड्यूल में कई शहरों के लिए सीधी उड़ान शुरू करने की घोषणा विमान कंपनियां कर रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को इंडिगो विमान कंपनी ने इंदौर से रायपुर और जबलपुर के लिए सीधी उड़ान की घोषणा करते हुए बुकिंग शुरू की है। यह उड़ान 30 मार्च से जबलपुर से दोपहर में इंदौर आकर वापस जबलपुर जाएगी।

वहीं इंदौर से सुबह रायपुर के लिए उड़ान शुरू होगी और दोपहर में लौटेगी। रायपुर उड़ान को 31 मार्च से विशाखापटनम तक बढ़ाया गया है। इससे इंदौर से रायपुर होकर विशाखापटनम तक यात्री जा सकेंगे। जबलपुर के लिए अब सुबह के अलावा दोपहर में भी उड़ान उपलब्ध रहेगी।

अभी इंडिगो की एक फ्लाइट- इंदौर से रायपुर के लिए अभी इंडिगो कंपनी की एक उड़ान है। यह रायपुर से सुबह 10.25 बजे रवाना होती है और सुबह 11.50 बजे इंदौर पहुंचती है। वापसी में इंदौर से शाम पांच बजे रवाना होकर शाम 6.20 बजे रायपुर पहुंचती है।

अब इंडिगो ने अपनी दूसरी उड़ान 30 मार्च से शुरू करने की घोषणा की है। समर शेड्यूल की शुरुआत के साथ यह उड़ान इंदौर से रायपुर जाकर वापस इंदौर लौटेगी। इंदौर-रायपुर उड़ान को 31 मार्च से विशाखापटनम तक बढ़ाया जा रहा है। इससे रायपुर और विशाखापटनम तक इंदौर के यात्रियों को उड़ान की सुविधा मिलेगी।

ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन आफ इंडिया के एमपीसीजी अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि इस उड़ान के शुरू होने से इंदौर से सुबह जाने वाले यात्रियों को खासा फायदा होगा। इंदौर रायपुर के बीच में सीधी ट्रेन की सुविधा भी अधिक नहीं है।

वहीं पहले से संचालित उड़ान शाम को इंदौर से जाती थी। इस वजह से यात्रियों को परेशानी होती थी। इस उड़ान के शुरू होने से दोनों राज्यों के यात्रियों को फायदा होगा। यह उड़ान 31 मार्च से विशाखापटनम तक जाएगी। ऐसे में यात्री रायपुर होकर विशाखापटनम तक 3.45 घंटे में पहुंच सकेंगे।जबलपुर के लिए हो जाएगी दो उड़ान- ट्रेवल एजेंट एसोसिएशन आफ इंडिया के सचिव अमित नवलानी ने बताया कि अभी इंदौर और जबलपुर के लिए यह दूसरी उड़ान होगी। अभी इंदौर से सुबह उड़ान रवाना होती है और रात्रि को इंदौर वापस आती है। अब दोपहर में सीधी उड़ान की सुविधा भी यात्रियों को मिल सकेगी। 30 तारीख से शुरू होने वाली उड़ान दोपहर में जबलपुर से इंदौर आकर वापस जबलपुर जाएगी। इससे यात्रियों को अतिरिक्त उड़ान का विकल्प मिलेगा।

ये रहेगा शेड्यूल

इंदौर-रायपुर-विशाखापटनम - 6ई 7295 उड़ान सुबह 6.35 बजे इंदौर से रवाना होगी और सुबह 8.30 बजे रायपुर पहुंचेगी। यहां से 8.50 बजे उड़ान रवाना होकर 10.20 बजे विशाखापटनम पहुंचेगी।

विशाखापटन-रायपुर-इंदौर - 6ई 7296 उड़ान विशाखापटनम से सुबह 11 बजे रवाना होगी और दोपहर 12.30 बजे रायपुर पहुंचेगी। यहां से दोपहर 12.50 बजे रवाना होकर दोपहर 2.45 बजे इंदौर पहुंचेगी।

जबलपुर-इंदौर = 6ई 7327 उड़ान जबलपुर से 12.10 बजे रवाना होगी और 1.30 बजे इंदौर पहुंचेगी।

इंदौर-जबलपुर = 6ई 7328 उड़ान दोपहर 1.55 बजे रवाना होगी और 3.20 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

## मल्हारगंज क्षेत्र में हुड़दंगियों ने वाहनों में की तोड़फोड़, पुलिस कमिश्नर पहुंचे

इंदौर। होली के त्यौहार को देखते हुए पुलिस शहर ने शहर में हुड़दंगियों और असामाजिक तत्वों की धड़पकड़ के लिए मुहिम छेड़ रखी है। इसके बावजूद हुड़दंगियों के हौसले बुलंद है। मल्हारगंज क्षेत्र में हुड़दंगियों ने आधा दर्जन वाहनों के शीशे तोड़ दिए। इस घटना से रहवासियों में नाराजगी है। अभी तक पुलिस घटना के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान की जा रही है। होली का त्यौहार आते ही कई असामाजिक तत्व चंदे के नाम पर रहवासियों को परेशान करना शुरू कर देते है। ज्यादा चंदा नहीं देने पर फिर परेशान किया जाता है। इसके अलावा त्यौहार के समय नशे में भी कई लोग उत्पात मचाते है। मल्हारगंज क्षेत्र में बुधवार रात बदमाशों ने सड़क पर खड़े वाहनों के कांच फोड़ दिए। कांच फोड़ने की आवाजें रहवासियों ने सुनी और वे बाहर आए तो बदमाश गाली गलौच करते हुए भाग गए।

जय श्री महाकाल ...



वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम, वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकर !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# मुख्यमंत्री डॉ यादव पुलिस लाईन में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मातृशक्ति महिला पुलिसकर्मियो को मिठाई खिलाकर मंगलकामनाएं दी



उज्जैन । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा की बाबा महाकाल की नगरी में पुलिसकर्मियों के साथ होली खेलना हर्ष की बात हैं। पुलिस के लिए होली पर्व पर व्वस्थाए करना एक चुनोतीपूर्ण कार्य है। आपकी सेवा के कारण सभी नागरीक हर्षोल्लास और आनंद के साथ यह पर्व मना पाते हैं। पुलिस समाज की सुरक्षा के लिए जीवित मानव दिवार हैं। यह सब प्रकार की चुनोतियो का सामना कर समाज को अनूकुलता प्रदान करती हैं। पुलिस होली,दीपावली और सारे त्योहारो पर अपने घर और प्रियजनो से दूर रहकर अपनी संपूर्ण निष्ठा और प्रसन्नता से समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करती हैं इसलिए सुरक्षा कर्मियो का समाज में विशेष सम्मान और स्थान हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने यह उद्बोधन शनिवार सुबह पुलिस लाईन में आयोजित पुलिस के होली मिलन समारोह में दिया।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि कोविड के दौरान जब देश के नागरिक घरो में थे उस कठिन दौर में पुलिस कर्मियो द्वारा मैदान पर रहकर कि गई सेवा भारत के इतिहास में कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। इसके लिए हमें भारत की पुलिस पर गर्व हैं। पुलिस के निजी जीवन को सुगम बनाने के लिए स्वयं के मकान के लिए शासन ने प्रक्रिया आसान की है। आप सभी के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के अंदर मध्यप्रदेश की विशेष पहचान बन रही है। प्रदेश ने गत दिवस आज तक का सबसे बड़ा 4 लाख 21 हजार करोड का बजट प्रस्तुत किया है। बजट में कोई नया कर जनता पर नहीं थोपा गया है। बजट में पुलिस कर्मियो के लिए नए वाहनो की स्वीकृति,थानो के नवीन भवन,नक्सल प्रभावित क्षेत्र में समाज विरोधी ताकतो से सामना करने के लिए पर्याप्त सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है।

# जूना अखाड़े के वरिष्ठ अध्यक्ष पद पर श्रीमहंत प्रेम गिरि जी महाराज, श्रीमहंत उमाशंकर भारती जी महाराज को नियुक्त किया

## जूना अखाड़ा के महामंत्री पद पर श्री महंत महेश पूरी जी महाराज एवं श्री महंत शैलेंद्र गिरी जी महाराज के नाम की पुकार हुई



उज्जैन। परंपरा अनुसार प्रयागराज महाकुंभ के पश्चात काशी में श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के नए पंच के चुनाव की प्रक्रिया जूना अखाड़े की महासभा द्वारा प्रारंभ की गई, जिसके तहत जूना अखाड़े के वरिष्ठ अध्यक्ष (आजीवन) पद पर श्री महंत प्रेम गिरि जी महाराज एवं श्री महंत उमाशंकर भारती जी महाराज को नियुक्त किया गया।

सभापति एवं अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर श्रीमहंत मोहन भारती जी महाराज के नाम की पुकार जूना अखाड़े के उप आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी जी महाराज ने की। जूना अखाड़ा के महामंत्री पद पर श्री महंत महेश पूरी जी महाराज एवं श्री महंत शैलेंद्र गिरी जी महाराज के नाम की पुकार हुई। जूना अखाड़ा के मुख्य संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरि जी महाराज के सानिध्य में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई।सिंहस्थ 2028 की तैयारी को लेकर जल्दी ही जूना अखाड़े नए पदाधिकारी सभापति श्री महंत मोहन भारती महाराज के नेतृत्व एवं जूना अखाड़ा के मुख्य संरक्षक श्रीमंत हरि गिरि महाराज के सानिध्य में उज्जैन पहुंचकर तैयारी को शुरू करेगा। यह जानकारी जूना अखाड़ा नीलगंगा के डॉ. गोविंद सोलंकी ने दी।

## होली पर निकली श्री चिड़ार समाज की गुलाल गैर



उज्जैन। श्री चिड़ार समाज द्वारा होली पर गुलाल गैर निकाली गई। जिसमें समाजजन एक साथ एकत्रित होकर गमी वाले परिवारों पर रंग डालने निकले।

संयोजक मूलचंद सोनी ने बताया कि समाज संरक्षक पुरुषोत्तम मगरे एवं पूर्व अध्यक्ष भगवानदास ब्रामनिया के नेतृत्व में मोहन नगर चौराहा स्थित अंबे माता मंदिर से समाजजन एक साथ एकत्रित होकर निकले। मोहन नगर से नाका नंबर 5 आगर रोड़, मोहन नगर, पुष्पांजलि नगर।

## महाकाल वन में भक्तों ने खेली होली, भजनों के साथ लगाई गुलाल



उज्जैन। भगवान महाकाल वन में भक्तों ने होली खेली और भजनो के साथ एक दूसरे को गुलाल लगाई।

कार्यक्रम संयोजक महेंद्र कटियार, खेम सिंह तोमर ने बताया कि अतिथि के रूप में पंडित रमन त्रिवेदी महाकालेश्वर पुजारी, काल भैरव को पुजारी संजय चतुर्वेदी, आबकारी अधिकारी बबीता हटकेर रहे। अनुदीप गंगवार ने बताया कि विगत 10- 12 साल से होली का आयोजन किया जा रहा है। कुमावत धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में सभी भक्तों को ठंडाई का रसपान कराया। कार्यक्रम की महिला अध्यक्ष दुर्गा यादव, शैलेंद्र दुबे, अजय करके, उषा परमार, पिंकी यादव, सपना सेन, अमृता मालवीय, संजय व्यास, वीरू पंजाबी, संजय चौहान, प्रभात साहू, पंकज जैन, राहुल चौहान, दुष्यंत मंडलोई, यशवंत उपाध्याय, सबीना कुमार, अशोक कुमावत, प्रतिभा कटिहार, आशीष यादव, पंडित चंद्रशेखर वशिष्ठ, चंद्रशेखर पटवारी, राजेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# देश के विद्वान अपनी ज्ञान के भंडार को लेकर चले गए, बताया नहीं किसी को - सन्त उमाकान्त जी महाराज



उज्जैन (म.प्र.)। बाबा जयगुरुदेव आश्रम, उज्जैन पर चल रहे तीन दिवसीय आध्यात्मिक होली पर्व के दूसरे दिन भक्तों को सतसंग सुनाते हुए परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने बताया कि कला और विद्या को दूसरों को बताना और सिखाना चाहिए। भारत देश के विद्वानों में, भारत देश के लोगों में यह सबसे बड़ी कमी रही है कि वे अपने ज्ञान को, अपनी विद्या को, अपने शरीर के साथ ही लेकर चले गए। वह बता सकते थे, सिखा सकते थे, लेकिन ऐसा किया नहीं। ज्ञान को बांट करके जाना चाहिए, ज्ञान को रखना नहीं चाहिए। यह विद्या है, जितना बांटोगे उतनी ही यह बढ़ेगी।

### सन्तों का दर्जा सबसे ऊपर होता है।

इस संसार में जो भी चीजें हमें दिखाई देती हैं जैसे पेड़, जानवर, मनुष्य, एक दिन समाप्त हो जाएंगी। इसी प्रकार, यह मनुष्य शरीर भी नश्वर है और एक दिन छूट जाएगा। जो इस सत्य को समझ लेता है, वह मुनि कहलाता है। जब किसी व्यक्ति की दिव्य दृष्टि खुल जाती है तो वह अदृश्य लोकों (जो बाहरी आंखों से नहीं देखा जा सकता) को भी देखने में सक्षम हो जाता है। जिनका ब्रह्मा, विष्णु और महेश के लोकों में आना-जाना शुरू हो जाता है, वे देवर्षि कहलाते हैं। जैसे नारद जी मृत्युलोक का संदेश देवताओं तक पहुँचाते थे और वहां का संदेश मृत्युलोक तक। जो और आगे बढ़ जाते हैं, वे योगी कहलाते हैं। उसके आगे योगेश्वर, साध, सन्त और परम सन्त। सन्तों का दर्जा सबसे ऊपर होता है। सन्त रहते तो इसी मनुष्य शरीर में हैं लेकिन ऊपर के लोकों की पूरी जानकारी रखते हैं और सभी लोकों में उनकी पहुँच होती है। सन्तों का मत सबसे ऊँचा इसलिए है क्योंकि वे जीव को माया, काल, और इस नाशवान संसार के जाल से निकालकर परम धाम तक ले जाते हैं।

### पहले केवल ध्यान करके लोग पार हो जाते थे

सबसे पहले सतयुग था। तब लोग केवल ध्यान लगाते थे और ध्यान के द्वारा ही निजघर चले जाते थे। ध्यान में ही अंदर की आवाज भी मिल जाती थी क्योंकि अंदर का कान बंद नहीं था। जब युग बदला तो लोग आंखों के नीचे की साधना करने लगे। जब चक्रों का भेदन किए, तो जो ऊपर के लोक के देवी-देवता हैं, उनकी परछाई को देखा और उन्हीं के पुजारी हो गए। उन देवताओं की ताकत उनके अंदर आ गई तो वे सोच लिए कि यही देवता ही सब कुछ हैं। इसीलिए भारत देश में बहुत से मत-मतांतर बन गए, मतों में अंतर हो गया लेकिन सतयुग में यह सब कुछ नहीं था। चक्रों के भेदन जैसी कठिन साधना में लोगों की दस-दस हजार सालों की उम्र खत्म हो गई। इसीलिए जब कलयुग में सन्त आए तो उन्होंने आँखों के नीचे की सारी साधना को खत्म कर दिया और जो रास्ता आँखों के बीच से गया हुआ है,

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्री रविंद्र पूरी जी महाराज और साधु संतो पर पुष्पवर्षा कर खेली होली



उज्जैन। साधु संतो का स्नेह और आर्शीवाद इस जन्म की सबसे बड़ी उपलब्धि है, सभी साधु संतो को मेरा चरण स्पर्श। उज्जैन में परमात्मा ने जन्म दिया उसके लिए हम सौभाग्यशाली है। बाबा श्री महाकालेश्वर की उज्जयिनी नगरी आध्यात्म, भारतीय दर्शन, धर्म, गणित, चिकित्सा, धनुर विद्या और शिक्षा के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में हमेशा से विख्यात रही है। भगवान श्री कृष्ण ने यहां सांदीपनी गुरु से शिक्षा प्राप्त की और उसी ज्ञान से श्रीमद भागवतगीता का उपदेश विश्व को दिया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अग्रणी राष्ट्र बन रहा है और हम आध्यात्मिक नगरी अवंतिका को भारत का सिरमौर बना रहे है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यह बात अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद द्वारा बड़नगर रोड़ स्थित श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा में आयोजित ÷होली के रंग ,साधु संतो के संग÷ कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कही। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन और प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में 1 अप्रैल से शराबबंदी की जा रही है।इसी के साथ हम संपूर्ण प्रदेश में गौशालाओं को बढ़ावा दे रहे है और दूध उत्पादन पर भी बोनस दिया जाएगा, इससे शराब को जगह दूध को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव होली पर्व पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद द्वारा बड़नगर रोड़ स्थित श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा में आयोजित ÷होली के रंग ,साधु संतो के संग÷ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। ढोल, डमरू, वेद ऋचाओं की गूंज के बीच कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्री रविंद्र पूरी जी महाराज ने गुलाल लगाकर होली की मंगलकामनाएं दी।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com